# सराहनीय कार्य
## इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस नोट- दिनांक 28.06.2025**

**#इटावा पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही**

**इटावा पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्यवाही करते हुये विगत 12 घण्टे के अन्दर कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

जनपद में विगत दिनों में थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत घटित हुयी घटना पर सोशल मीडिया पर आम जनमानस को भड़काने के उद्देश्य से कुछ अराजक तत्वों द्वारा अभद्र/भ्रामक पोस्ट करते हुये ट्विटर/इन्स्टाग्राम/फेसबुक पर रील/वीडियो/फोटो अपलोड किये जा रहे हैं जिसके दृष्टिगत, सोशल मीडिया पर इटावा पुलिस द्वारा 24*7 सक्रिय रहते हुये कड़ी निगरानी रखी जा रही है । जिसके सम्बन्ध में गठित टीम द्वारा अथक प्रयास कर कुछ ट्विटर/फेसबुक/इन्स्टाग्राम आईडी को चिन्हित किया गया तथा उन आईडी पर अभद्र/भ्रामक पोस्ट वाले व्यक्तियों/आईडी संचालकों की इलेक्ट्रानिक/मैनुअल साक्ष्यों को गठित कर उनकी जानकारी प्राप्त की गयी एवं सम्बन्धित को थानों को अवगत कराया गया जिस पर **अब तक कुल 08 अभियोग पंजीकृत करते हुये 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।**

**"वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा जनपद वासियों से अपील की गयी कि वे सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट न डाले और यदि आपके पास ऐसी पोस्ट आती है तो उसे आगे फॉरवार्ड न करें ,बल्कि इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को उपलब्ध कराएं। कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है और इसमें जन सहयोग अत्यंत आवश्यक है।**

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. आशिक थाना इकदिल जनपद इटावा।
2. फेसबुक यूजर अंशुल थाना सैफई जनपद इटावा।
3. रवि यादव थाना सैफई जनपद इटावा।
4. नवनीत कश्यप पुत्र इच्छाराम निवासी नगला लच्छी थाना ऊसराहार जनपद इटावा।
5. पंकज पुत्र ब्रजेश निवासी दतावली घूघलपुर थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।
6. शिवम पुत्र श्रीकृष्ण निवासी सहकारी कोल्ड स्टोर आनन्द नगर थाना कोतवाली जनपद इटावा
7. प्रिंस पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी विश्ननामई थाना बकेवर जनपद इटावा
8. कुनाल पुत्र शिवशंकर निवासी ललितपुर थाना बकेवर जनपद इटावा।
9. विकास उर्फ गौरव पुत्र अवधेश कुमार निवासी नगला मानिक थाना बकेवर जनपद इटावा।
10. प्रशान्त कुमार पुत्र श्री लालकृष्ण निवासी लुधियानी चौराहा थाना बकेवर जनपद इटावा
11. अंकित यादव पुत्र रामसजीवन निवासी ग्राम चकरनगर उदी रोड की गली थाना चकरनगर जनपद इटावा

**पंजीकृत अभियोगः-**

1. मु0अ0सं0 187/2025 धारा 196/299 बीएऩएस व धारा 67ए आईटी एक्ट थाना इकदिल जनपद इटावा
2. मु0अ0सं0 136/2025 धारा 292/299 बीएनएस व धारा 67ए आईटी एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा।
3. मु0अ0सं0 137/2025 धारा 292/299 बीएनएस व धारा 67ए आईटी एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा।
4. मु0अ0सं0 104/2025 धारा 292/299 बीएनएस व धारा 67ए आईटी एक्ट थाना चौबिया जनपद इटावा
5. मु0अ0सं0 164/2025 धारा 196/299 बीएनएस व धारा 67ए आईटी एक्ट थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।
6. मु0अ0सं0 113/2025 धारा 292/299 बीएनएस व धारा 67ए आईटी एक्ट थाना कोतवाली जनपद इटावा।
7. मु0अ0सं0 178/2025 धारा 196/352/299 बीएनएस व धारा 67ए आईटी एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा
8. मु0अ0सं0 179/2025 धारा 196/352/299 बीएनएस व धारा 67ए आईटी एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा

**नोटः-** **ज्ञात रहे कि इटावा पुलिस की गठित सोशल मीडिया टीम द्वारा सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सर्तक दृष्टि रखी जा रही है एवं भड़काऊ पोस्ट/रील/भ्रामक वीडियो न डालें अन्यथा आपके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।**